पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने चिकित्सकों को सम्मानित किया

लखनऊः 10 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज होटल ताज में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सक डाॅ0 सुनील प्रधान, डाॅ0 देविका नाग, डाॅ0 पी0के0 गोयल, डाॅ0 राकेश कपूर को विशेष सम्मान तथा डाॅ0 शोभित चावला, डाॅ0 रजत, डाॅ0 सुधीर, डाॅ0 गीता खन्ना, डाॅ0 वंदना बंसल, डाॅ0 प्रभात कुमार सिंह, डाॅ0 रीमा सिंह, डाॅ0 आदित्य कपूर, डाॅ0 एस0के0 द्विवेदी, डाॅ0 उदय घोषाल, डाॅ0 अभिजीत चन्द्रा, डाॅ0 बी0के0 ओझा, डाॅ0 संदीप कपूर, डाॅ0 संदीप गर्ग, डाॅ0 अभिषेक शुक्ला, डाॅ0 वैभव खन्ना, डाॅ0 शिप्रा माथुर, डाॅ0 आर0के0 मिश्रा, डाॅ0 अंकित कपूर, डाॅ0 नीरज पाण्डे, डाॅ0 बृजेश सिंह, डाॅ0 एन0के0 मिश्रा, डाॅ0 विनोद, डाॅ0 रिचा मिश्रा, डाॅ0 मधुलिका सिंह सहित चिकित्सा के क्षेत्र से जुडे अन्य लोगों को शाल व स्मृति चिन्ह देकर अलंकृत किया। सम्मान समारोह ‘आईकाॅन्स आफ हेल्थ-2016‘ टाइम्स आफ इण्डिया एवं नवभारत टाइम्स द्वारा का आयोजित किया गया था।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत प्रगति हुई है। अपने क्षेत्र की अद्यतन जानकारी रखना और रोगी को विश्वास दिलाने का काम सफल चिकित्सक के लिए जरूरी है। मनोवैज्ञानिक तौर से काउंसिलिंग करने से रोगी को ज्यादा फायदा होता है। राज्यपाल ने कहा कि वे स्वयं कैंसर रोग से ग्रसित रह चुके हैं। चिकित्सकों के उत्साहवर्द्धन के कारण वे पूर्णतया स्वस्थ हो सके हैं और आज पहले की अपेक्षा ज्यादा काम कर रहे हैं।

श्री नाईक ने कहा कि चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्र में जहाँ आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, सामूहिक रूप से अपनी सेवायें दें। समाज ने चिकित्सकों को बहुत कुछ दिया है इसलिए गरीबों का सस्ते में इलाज करके उस ऋण को वापस करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक महत्व के इस काम को मीडिया सकारात्मक तरीके से प्रस्तुत करें।

राज्यपाल ने चिकित्सकों को यह भी सलाह दी कि दूसरे के स्वास्थ्य की देख-रेख के साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। व्यवसाय की दौड़-धूप और तनाव को व्यायाम के माध्यम से कम करें। डाक्टर के स्वास्थ्य का असर उसके ठीक होने होने वाले रोगियों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि रोगी हित को ध्यान में रखते हुए स्वयं का भी ध्यान रखें।

इस अवसर पर प्रो0 राकेश कपूर निदेशक संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा टाइम्स आफ इण्डिया के ब्रांच हेड श्री धनुषवीर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आगामी 16 अप्रैल को राज्यपाल श्री नाईक का जन्मदिवस है। इस दृष्टि से टाइम्स आफ इण्डिया ने अग्रिम उपहार के तौर पर टाइम्स आफ इण्डिया के 16 अप्रैल, 1934 के मुंबई संस्करण की प्रति फ्रेम कराकर भेंट की।

अंजुम/ललित/राजभवन (143/19)

THE TIMES OF INDIA
NBT
नवभारत टाइम्स
CELEBRATING
ICONS


CELEBRATING
ICONS
HEALTH 2016
NBT
नवभारत टाइम्स

ICONS
2016
The Times of India